Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-02-2006

Participants : Dhindsa Shri Sukhdev Singh

an>

Title : Issue regarding wearing of religious symbols by Sikh students in France.

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : पगड़ी वाला नोटिस भी है। पहले पगड़ी वाले मामले पर ही बोल देता हूं। जैसे हमारे माननीय सदस्यों ने एक इश्यू उठाया, उसी प्रकार हमारे लिए भी टर्बन इश्यू बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले सत्र में भी हमने बात उठाई थी और सरकार ने कहा था कि हमने फ्रांस गवर्नमैंट से बात कर ली है और वे कहते हैं कि स्कूलों में पटका अलाउ कर दिया है। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। यह आश्वासन भी संसदीय कार्य मंत्री की तरफ से दिया गया था। अभी फ्रांस के प्रैज़ीडैन्ट यहां आए हुए हैं। हमने विदेश मंत्रालय के सचिव को लिखा कि हम शिरोमणि अकाली दल के दस एम.पीज़ को उनसे मिलने के लिए समय दिलाइए। प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह से मिलकर मैंने, प्रकाश सिंह बादल और शिरोमणि अकाली दल के प्रैज़ीडैन्ट ने कहा था कि आप भी यह मामला उठाएं और हमें भी मिलने के लिए समय दें, लेकिन

---

* Not Recorded.

मुझे दुख है कि न हमें मिलने के लिए समय दिलाया गया और न ही प्रधान मंत्री ने इसका कोई ज़िक्र किया। मैं आडवाणी जी का आभारी हूं कि जिन्होंने कल उनसे मिलने के बाद उनसे कहा कि इस इश्यू को आप सीरियसली लीजिए। मैं सरकार से कहूंगा कि पिछले साल से आज तक इस मामले पर कुछ नहीं हुआ। जैसे हमारे मुस्लिम भाइयों ने अपनी भावनाएं बताईं, हम भी उनके साथ cé[h15]। ऐसी हमारी भावना है। सरकार को दोबारा इसे गंभीरता से लेना चाहिए। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आज हमें विदेशी प्रतिनिधिमंडल से मिलने की इजाजत नहीं मिली, हम दस सांसद थे। हम जनता के प्रतिनिधि हैं, हमें मिलने की इजाजत मिलनी चाहिए थी।

अध्यक्ष महोदय :आप इस बारे में मत बोलिए। विदेश से सम्मानित सदस्य आए हैं। Who the foreign dignitary will meet or who he will not meet, that cannot be discussed. आपका पहला इश्यु ठीक है।